गौरवशाली बिहार रेजिमेंट केंद्र ने मनाया स्थापना दिवस

दानापुर (आससे)। देश की रक्षा व सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने वाली बिहार रेजिमेंट सेंटर की गौरवशाली परंपराओं, वीरता और बलिदान के प्रतीक स्थापना दिवस समारोह का आयोजन आज दानापुर सैनिक छावनी स्थित रेजिमेंट केंद्र में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर बिहार रेजिमेंट केंद्र एवं 3 बिहार बटालियन का 82वाँ एवं 17 बिहार बटालियन का 40वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। समारोह में रेजिमेंट के गौरवशाली सैन्य इतिहास, अदम्य साहस, वीरता और सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करते हुए राष्ट्र सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई।

यहां उल्लेखनीय है कि बिहार रेजिमेंट केंद्र की स्थापना 01 नवंबर 1945 को आगरा में लेफ्टिनेंट कर्नल आर. सी. मुलर के नेतृत्व में हुई थी। स्थापना के कुछ समय बाद केंद्र को गयाजी स्थानांतरित किया गया तथा वर्ष 1949 में इसे दानापुर में स्थापित किया गया, जहाँ से यह निरंतर बिहार रेजिमेंट की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ा रहा है। भारतीय सेना के इतिहास में बिहार रेजिमेंट के वीर सैनिकों का योगदान स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान रेजिमेंट के वीर जवानों ने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हिमालय में कारगिल युद्ध की गौरवगाथा के बाद अभी हाल ही में सीमा पर गलवान घाटी में सैनिकों ने अदम्य साहस, शौर्य और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए कठिन परिस्थितियों में अपनी सैन्य क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया।

अपनी अनुकरणीय सेवाओं और वीरतापूर्ण योगदान के लिए बिहार रेजिमेंट को अनेक सैन्य सम्मानों से सम्मानित किया गया है। रेजिमेंट के गौरवशाली इतिहास में हाका, गंगवा एवं बटालिक सहित तीन बैटल ऑनर तथा बर्मा, पूर्वी पाकिस्तान एवं कारगिल सहित तीन थिएटर ऑनर शामिल हैं। खेल के क्षेत्र में भी बिहार रेजिमेंट ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। रेजिमेंट को एक अर्जुन पुरस्कार एवं एक ध्यानचंद पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। ये उपलब्धियाँ रेजिमेंट के सैनिकों की बहुमुखी प्रतिभा, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण हैं।

ड्रेनेज सिस्टम का होगा निर्माण : डीआरएम

❐ मेहंदीगंज में उपरि सेतु निर्माण की है योजन ❐ पटना साहिब स्टेशन का दो माह में सौंदर्यीकरण

पटना सिटी (आससे)। श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व से पहले दो माह के अंदर स्टेशन पर मानक अनुकूल यात्री सुविधाओं का विस्तार व जीर्णोद्धार कार्य होगा।. यह बात दानापुर रेल मंडल के मंडल प्रबंधक डीआरएम विनोद कुमार ने अधिकारियों के साथ पटना साहिब स्टेशन के निरीक्षण के दौरान कही। निरीक्षण में शामिल विधायक रतनेश कुमार ने कहा कि 30 करोड की राशि से होगी पटना साहिब रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्धार कार्य कराया जायेगा। निरीक्षण में दानापुर रेल मंडल के अधिकारियों के साथ स्टेशन प्रबंधक उपेंद्र कुमार सिंह समेत अधिकारी उपस्थित थे,.इसी बीच डीआरएम ने निगमायुक्त यशपाल मीणा के साथ छटंकी नाला पुल व मेहंदीगंज में प्रस्तावित उपरि सेतु निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया।. निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि छटंकी नाला पुल के नीचे से जलजमाव से मुक्ति के लिए उच्च शक्ति प्रवाहित ड्रेनेज सिस्टम पाइप लाइन क्रासिंग का निर्माण कराया जायेगा,. इससे निगम सिटी और अजीमाबाद अंचल के दस वार्ड का पानी निकासी सुचारू ढंग से होगा और जल जमाव की समस्या से मुक्ति मिलेगी. निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त,डीआरएम अधिकारियों के दल के साथ मेहंदीगंज गुमटी के समीप में उपरि सेतु के निर्माण में आ रही अड़चनों को दूर करने की सहमति बनी है। निरीक्षण के दौरान रेलवे के अधिकारी,अभियंता टीम और डीसीएलआर अभिलाषा कुमारी सिन्हा के साथ अन्य अधिकारी और पार्षद व प्रतिनिधि उपस्थित थे। निगमायुक्त ने कहा कि सिटी स्कूल मैदान और वार्ड संख्या62 के रघुनाथ स्कूल के पास निर्माणाधीन आधुनिक खेल परिसर विकसित हो रही है. इसका कार्य वर्ष 2027 के मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य है।



पाटलिपुत्र ग्रीनफील्ड टाउनशिप के खिलाफ न्यायालय जाने का निर्णय

फुलवारी शरीफ. किसान मजदूर संघर्ष समिति की बैठक रविवार को बेलदारीचक स्थित शुभ आंगन मैरेज हॉल में हुई. बैठक के बाद प्रेस वार्ता में पाटलिपुत्र ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप के खिलाफ दो स्तरों पर याचिका दायर करने का निर्णय लिया गया. समिति ने प्रभावित किसानों और सरकारी



जमीन पर वर्षों से बसे परिवारों के हित में न्यायालय जाने की बात कही. राष्ट्रीय अध्यक्ष धनंजय मधु ने कहा कि टाउनशिप योजना वापस नहीं हुई है, केवल प्रभावित क्षेत्रों में रजिस्ट्री पर लगी रोक हटायी गयी है. समिति की ओर से जनहित याचिका के लिए आवश्यक कागजात तैयार कर लिये गये हैं. भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के खिलाफ लायी गयी टाउनशिप योजना को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने का भी निर्णय लिया गया. प्रभावित किसानों ने किसी भी कीमत पर टाउनशिप के लिए जमीन नहीं देने का संकल्प लिया.

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष धनंजय मधु, संगठन महासचिव राहुल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष ज्वाला सिंह, प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण ठाकुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम बाबु पासवान, सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप यादव, विजय मेहता, पुनपुन प्रखंड अध्यक्ष रजनीश पासवान, मीडिया प्रभारी निरज कुमार, सुबोध कुमार यादव, देवेन्द्र यादव, जिला अध्यक्ष रेखा देवी, शोभा देवी सहित अन्य मौजूद थे.

नौनिहालों ने सरदार पटेल को किया नमन

फुलवारी शरीफ. संपतचक प्रखंड के एकतापुरम, भोगीपुर-चकपुल स्थित माता सावित्रीबाई फुले के विचारों से प्रेरित मिशन नौनिहाल सम्मान के नि:शुल्क ट्यूशन केंद्र में शनिवार को लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई. इस दौरान बच्चों ने सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद करते हुए राष्ट्रीय एकता और अखंडता बनाए रखने तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया.

कार्यक्रम की शुरुआत एकता-स्थल पर सरदार पटेल और पहाड़पुरुष दशरथ मांझी के संयुक्त स्मारक पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई. उपस्थित लोगों ने दोनों महान विभूतियों के संघर्ष, साहस और समाज व राष्ट्र के प्रति योगदान को नमन किया. कार्यक्रम में मिशन नौनिहाल सम्मान के संस्थापक-संरक्षक 95 वर्षीय समाजसेवी सुखदेव सिंह, प्रभारी प्रियंका कुमारी सिंह, केंद्र प्रबंधक विनेश पासवान और शिक्षिका रूपा पासवान समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थी और उनके अभिभावक



मौजूद रहे. इसके बाद मिशन परिसर में बच्चों को सरदार पटेल के जीवन और राष्ट्र निर्माण में उनकी ऐतिहासिक भूमिका पर आधारित फिल्म दिखाई गई.

इससे बच्चों को उनके प्रेरणादायक व्यक्तित्व और देश की एकता के लिए किए गए प्रयासों को समझने का अवसर मिला.


मिशन नौनिहाल सम्मान माता सावित्रीबाई फुले के शिक्षा, समानता और सामाजिक बदलाव के विचारों से प्रेरित होकर बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा देने के साथ उनमें सामाजिक चेतना, मानवीय संवेदना, राष्ट्रीय एकता और जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित करने के लिए कार्य कर रहा है. मिशन का उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से जागरूक, शिक्षित और समतामूलक समाज का निर्माण करना है.

वृद्धाश्रम में दीपावली मिलन

पटना सिटी (आससे)। गायघाट स्थित व्हीलर सेंटर, मातृ शिशु कल्याण केंद्र में रविवार को दीपावली मिलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जीवन संध्या वृद्धाश्रम में रोटरी क्लब कंकड़बाग के चेयरमैन डॉ सुषमा कुमारी ने की। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्मी पूजन से की गयी, बाद में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।आयोजन में डॉ ए खंडेलवाल,डॉ राकेश कुमार, अध्यक्ष डॉ शंकर नाथ, अजीत कुए सिन्हा, राज किशोर सिंह, किरण कुमारी, शम्भु नाथ सिंह, नितेश मिश्र, रेणु म ॉ रूपाश्री, शैलेश बंटी,आशीष कुमार, बिपिन कुए श्रीवास्तव, अंजनी,निरजा,डॉ रवि कुमार सिन्हा, संध्या सिन्हा ,ए आरके जायसवाल, रिशी जायसवाल, अमिताभ, प्रियंका समेत अन्य उपस्थित थे। इस दौरान दीपावली का उपहार भी वितरण किया गया।.

विवाहिता, दो साल की बच्ची और उसके भाई का 38 दिनों से सुराग नहीं

फुलवारी शरीफ. फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के धुपारचक गांव से एक विवाहिता, उसकी दो साल की मासूम बेटी और 20 वर्षीय भाई के रहस्यमय तरीके से लापता होने का मामला सामने आया है. तीनों 24 सितंबर 2026 की शाम कार से विवाहिता के ससुराल लखनपार जाने के लिए निकले थे, लेकिन आज तक घर नहीं लौटे. परिजनों का आरोप है कि गांव का ही रहने वाला प्रिंस कुमार धोखे से तीनों को अपने साथ लेकर चला गया. घटना के 38 दिन बीत जाने के बाद भी तीनों का कोई ठोस सुराग नहीं मिलने से परिवार के लोग परेशान हैं. परिजनों ने स्थानीय थाना पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि बार-बार थाने का चक्कर लगाने के बावजूद उनकी शिकायत पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही है. पीड़ित परिवार का कहना है कि शादीशुदा युवती को अगर उसके गांव का युवक जो प्रिंस कुमार लेकर भागा है उसके साथ अगर पहले से प्रेम प्रसंग था भी तो उससे अधिक चिंता 20 साल के बेटा और 2 साल की बच्ची के लिए भी है .परिवार के लोगों की चिंता मासूम बच्चों के लिए भी है कि इनका क्या हुआ आखिर यह लोग कहां चले गए. परिवार के लोगों को आशंका है कि कहीं शादीशुदा युवती को लेकर भागने वाला युवक ने 20 साल के लड़के आयुष और मासूम दो साल की बच्ची प्रियांशी की हत्या तो नहीं कर दी गई. धुपारचक निवासी मनोज कुमार, पिता स्व. सुदेश्वर सिंह ने बताया कि उनकी 23 वर्षीय बेटी निशु कुमारी की शादी वर्ष 2023 में लखनपार गांव निवासी राजेंद्र सिंह के बेटे रंटू सिंह के साथ हुई थी. निशु की दो साल की बेटी प्रियांशी है. 24 सितंबर को शाम करीब चार से साढ़े चार बजे के बीच निशु अपनी बेटी प्रियांशी और 20 वर्षीय भाई आयुष कुमार के साथ ससुराल जाने के लिए निकली थी. तीनों को मनोज कुमार का बेटा प्रिंस कुमार अपनी आर्टिगा कार से लेकर जा रहा था. कार का नंबर क्रक्01 द्म ष्ट / 4898 बताया गया है. परिजनों के अनुसार, तीनों को ससुराल पहुंचाने के बजाय प्रिंस कुमार उन्हें लेकर कहीं चला गया और इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल रहा है.निशु की मां रीना देवी ने बताया कि काफी खोजबीन के बाद जानकारी मिली कि 25 सितंबर को कार मुगलसराय स्टैंड में खड़ी की गई थी. बताया गया कि कार लेकर गए प्रिंस कुमार ने अपने भाई राहुल को फोन कर इसकी जानकारी दी थी और वहां से कार ले जाने को कहा था. बाद में यह जानकारी निशु के मायके वालों तक पहुंची. परिजनों का कहना है कि छानबीन के दौरान इस मामले के जांच अधिकारी विजय कुमार ने उन्हें बताया कि मुगलसराय के बाद तीनों का लोकेशन दिल्ली में भी मिला था. इसके बाद से सभी के मोबाइल फोन बंद हो गये हैं. परिजनों के मुताबिक, निशु का मोबाइल नंबर 7903018097, उसके भाई आयुष का मोबाइल नंबर 8434430603 और प्रिंस कुमार का मोबाइल नंबर 9204222727 है. इसके अलावा एक अन्य मोबाइल नंबर 8434213222 भी परिवार ने पुलिस को उपलब्ध कराया है.



जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना समय की मांग : विजय सिन्हा

फुलवारी शरीफ. महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने, कैंसर से जुड़े भ्रम, भय और



सामाजिक संकोच को दूर करने के उद्देश्य से गुलमोहर मैत्री की ओर से 'ब्रेकिंग द साइलेंस' जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. बामेती सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, पद्मश्री डॉ. शांति राय, कैंसर काउंसलर एवं लेखिका नीरजा मल्लिक, डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह, यस बैंक के क्लस्टर हेड अमित कुमार राय, पिंकी यादव और संस्था की सचिव मंजू सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. कार्यक्रम की थीम 'हर कहानी अनूठी है, हर सफर मायने रखता है' रखी गई थी. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि स्वास्थ्य, पोषण और पर्यावरण का आपस में गहरा संबंध है. उर्वरकों और रासायनिक पदार्थों पर निर्भरता कम कर जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना समय की मांग है. उन्होंने कहा कि चिकित्सा विज्ञान ने कैंसर के इलाज में काफी प्रगति की है, लेकिन स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित खानपान और सुरक्षित खाद्य उत्पादन पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है. आने वाली पीढ़ियों को केवल संसाधन ही नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर और सुरक्षित पर्यावरण देना भी हमारी जिम्मेदारी है. खेतों में प्रकृति का सम्मान, भोजन में पोषण और परिवारों में आपसी विश्वास बनाए रखना जरूरी है.

पद्मश्री डॉ. शांति राय ने महिलाओं को प्रतिवर्ष स्वास्थ्य की नियमित जांच कराने की सलाह दी. डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह ने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य की देखभाल के प्रति परिवार के पुरुष सदस्यों को भी जागरूक और जिम्मेदार होना होगा. वहीं, संस्था की सचिव मंजू सिन्हा ने कहा कि जागरूकता की शुरुआत बातचीत से होती है. महिलाएं जब अपने स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर खुलकर बात करती हैं, तो समय पर सही जानकारी प्राप्त करने, आवश्यक जांच कराने और एक-दूसरे का सहयोग करने में सक्षम होती हैं. कार्यक्रम के तहत आयोजित संवादात्मक परिचर्चा में कैंसर की देखभाल, समय पर पहचान, नियमित स्वास्थ्य जांच, उचित चिकित्सकीय सलाह और महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति परिवार एवं समाज की भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई. इस दौरान डॉ. सत्यजीत सिंह, डॉ. अविनाश उपाध्याय, डॉ. पद्मिनी सिन्हा, डॉ. रिद्धु शर्मा, डॉ. निहारिका राय, अशोक शर्मा, डॉ. पूनम चौधरी और अंकिता कश्यप ने भी अपने विचार रखे.

बीआरसी के 3 बिहार बटालियन की राष्ट्र सुरक्षा में प्रेरणादायी गौरवगाथा

दानापुर (आससे)। बिहार रेजीमेंट केंद्र 3 बिहार बटालियन की स्थापना 01 नवंबर 1945 को आगरा में कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल वी. डब्ल्यू. एस. लेदरडेल के कुशल नेतृत्व में हुई थी। प्रारंभ में इस यूनिट का गठन एक आदिवासी बटालियन के रूप में किया गया था, जिसके जवान मुख्य रूप से बिहार से थे। बाद में इसकी संरचना में परिवर्तन करते हुए 50 प्रतिशत बिहारी और 50 प्रतिशत आदिवासी सैनिकों को शामिल किया गया।

अपनी स्थापना के बाद से ही 3 बिहार ने अनेक महत्वपूर्ण सैन्य अभियानों में भाग लेकर अदम्य साहस, वीरता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है। वर्ष 1948 के जम्मू-कश्मीरऑपरेशन, 1965 एवं 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध, ऑपरेशन बजरंग, ऑपरेशन राइनो, ऑपरेशन रक्षक, ऑपरेशन विजय, ऑपरेशन मेघदूत तथा हाल के ऑपरेशन स्नो लेपर्ड जैसे महत्वपूर्ण अभियानों में बटालियन ने अपनी उत्कृष्ट सैन्य क्षमता और पराक्रम का परिचय दिया है।

इस बटालियन के वीर सैनिकों ने प्रत्येक चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में अपने अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा से एक एक विशिष्ट पहचान बनाई है। है। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बटालियन और उसके सैनिकों को समय-समय पर अनेक वीरता पुरस्कारों एवं प्रशंसा पत्रों से सम्मानित किया गया है।3 बिहार का गौरवशाली सफर त्याग, तपस्या, वीरता और देशभक्ति की प्रेरणादायी गाथा है।

सुल्तानगंज में हथियार के साथ गिरफ्तार

पटना सिटी (आससे)। सुल्तानगंज थाना की पुलिस ने शनिचरा पुल नहर के पास एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में. सुल्तानगंज थानाध्यक्ष कमलेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर हुई छापेमारी में पुलिस टीम ने आलमगंज थाना के गुड़ की मंडी निवासी मोहन पासवान को शराब के नशे में हथियार के साथ गिरफ्तार किया.।गिरफ्तार मोहन के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा,व दो कारतूस गोली बरामद किया है। थानाध्यक्ष के अनुसार गिरफ्तार युवक के खिलाफ आलमगंज थाना व अन्य थाना में पहले से अपराधिक मामले दर्ज है. पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।

जेपी सेनानी की बैठक

पटना सिटी (आससे)। नून का चौराहा स्थित अवध उत्सव हॉल में जेपी सेनानी संघर्ष समिति के बैनर तले सेनानियों की बैठक संपन्न हुई । सर्वसम्मति से जेपी सेनानी पेंशन में एकरूपता लाने ,मृतक सेनानियों के आश्रितों को भी पेंशन की सुविधा देने , सरकार के लाभकारी योजनाओं में बैठक में जेपी सेनानी आर. के. सिन्हा के निधन पर शोक प्रकट कर दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई । बैठक में सुनैना देवी



बैठक की अध्यक्षता अवधेश कुमार सिन्हा व मंच संचालन महासचिव देवेंद्र प्रसाद सिंह ने की द्य बैठक में सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए इसे दिसंबर माह तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सेनानियों को प्राथमिकता देने तथा जेपी सेनानी कोषांग का गठन करने की मांग रखी गई इन मांगों को लेकर 4 नवंबर को अनुमंडल अधिकारी पटना सिटी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन शोपने का निर्णय लिया गया। मिथलेश साह, विजय राकेश ,अनिल कुमार ,जे.पी सेनानी विश्वनाथ प्रसाद सिन्हा, लाल प्रकाश , शिव शंकरानंद प्रेम ठाकुर ,रामनाथ सुमन, हीरालाल ,अशोक शर्मा, विवेकानंद मिश्रा हरि मेहता आदि उपस्थित थे।

प्रभातफेरी निकाल नशा से दूर रहने का संकल्प

पटना सिटी (आससे)। बड़ी पटन देवी पंचवटी कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की



ओर नशा मुक्त विकसित भारत अभियान के तहत प्रभात फेरी निकाली गयी।प्रभात फेरी का नेतृत्व इकाई के प्रमुख बी.के. रानी दीदी ने करते हुए शामिल लोगो को नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया। आयोजन में बबीता बहन, ज्योति बहन, निर्मला बहन, रीचा बहन, सुषमा माता, संगीता माता, डॉ. एन.सी. माथुर, मनीष भाई, सुनील भाई, विवेक भाई, नाग मनी भाई, प्रशांत भाई, खुशी बहन, तनवी बहन,बीके चंचल कुमार समेत अन्य शामिल थे। प्रमुख बी.के. रानी दीदी ने युवाओं को नशे से दूर रखना, स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए जागरूकता किया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को डरा रही है पुलिस

(आज समाचार सेवा)

पटना। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा है कि दिल्ली के रामलीला मैदान में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी के नेतृत्व में हुई रैली से घबराई केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अब कांग्रेस पार्टी के कार्यालयों में पुलिस भेज कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को डराने की कोशिश कर रहे हैं।

राजेश राम ने कहा कि रविवार को दिल्ली पुलिस ने बिहार कांग्रेस मुख्यालय में जिस तरह से गैरकानूनी कृत्य किया वो ये बता रहा है कि गृह मंत्री डरे हुए हैं। दिल्ली पुलिस ने आश्रम परिसर में रह रहे कार्यालय के कर्मचारियों के परिजनों को डराया-धमकाया और उनके साथ बदसलूकी की। इस गैरकानूनी कार्रवाई के लिए दिल्ली पुलिस ने वो दिन चुना जिस दिन बिहार कांग्रेस के सारे नेता-कार्यकर्ता दिल्ली में हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ देश भर में उठ रही आवाजों को दबाने के लिए केंद्र की भाजपा सरकार निचले स्तर पर उतर आई है। कांग्रेस कार्यकर्ता इस तरह की धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। राजेश राम ने ये भी कहा कि अब लड़ाई अदालतों के भीतर और जनता के बीच लड़ी जाएगी।

लोकतंत्र बचाने को प्रबुद्धजनों की संगोष्ठी

पटना सिटी (आससे)। मंगल तालाब स्थित पाटलिपुत्र परिषद में रविवार को प्रबुद्धजन समिति की ओर से लोकतंत्र बचाओ,अराजकता हटाओ अभियान के तहत को गोष्ठी का आयोजन किया गया।. गोष्ठी में पटना साहिब के विधायक



रतनेश कुमार ने कहा कि अब समय आ गया है कि समाज के प्रबुद्ध जन कांग्रेस लगातार संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने, वोट चोरी के प्रलाप कर लोगों को गुमराह कर रही है. उसका पर्दाफाश करे। आयोजन में डॉ शाह अब्दैत कृष्ण, जिला प्रभारी प्रेम रंजन चतुर्वेदी,प्रो दिनेश पटेल, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवार, प्रो. संजय श्रीवास्तव, गोविंद कानोडिया समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

17 बिहार बटालियन की हैं सैन्य अभियानों में विशेष उपलब्धियां

दानापुर (आससे)। वहीं बिहार रेजिमेंटल सेंटर की17 बिहार बटालियन, जिसे %स्टाइकिंग सेवेंटीन% के नाम से भी जाना जाता है। जिसका आज यहां 40वाँ स्थापना दिवस भी पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस बटालियन की स्थापना 01 नवंबर 1987 को बिहार रेजिमेंट केंद्र, दानापुर में कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल ओ.पी. वर्मा के कुशल नेतृत्व में हुई थी। इस बटालियन में 50 प्रतिशत बिहारी और 50 प्रतिशत आदिवासी सैनिक शामिल हैं, जो कि झारखंड, ओडिशा, छोटानागपुर क्षेत्र, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे विभिन्न क्षेत्रों से आते हैं।

अपनी गौरवशाली सेवा यात्रा के दौरान 'स्टाइकिंग सेवेंटीन' ने देश के विभिन्न चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में सेवाएँ देते हुए अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। बटालियन ने विभिन्न सैन्य अभियानों में अपनी पेशेवर दक्षता, साहस और उत्कृष्ट कार्यक्षमता का परिचय दिया है। इसके साथ ही प्रशिक्षण, खेलकूद और अन्य पेशेवर प्रतियोगिताओं में भी बटालियन ने सराहनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं।

जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर हुई विस्तृत चर्चा

(निज प्रतिनिधि)

पटना। भाजपा प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सह बिहार प्रदेश प्रभारी हरिश द्विवेदीएवं प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की उपस्थिति में विभिन्न बोर्ड, निगम एवं आयोग के अध्यक्षों, उपाध्यक्षों एवं सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।

इस दौरान संगठन के आगामी अभियानों एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा, उनके प्रभावी क्रियान्वयन तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में बोर्ड, निगम एवं आयोग के पदाधिकारियों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने, आपसी समन्वय स्थापित करने तथा सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को आम जनता तक पहुँचाने पर विशेष जोर दिया गया।इस अवसर पर भाजपा बिहार के प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, भागलपुर, कोसी एवं पूर्णिया क्षेत्र के संगठक अनंत नारायण मिश्रा सहित विभिन्न बोर्ड, निगम एवं आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।